08 9 आरोपी गिरफ्तार, 2 लाख नकद और 13....



09 बजट में सरकार की विकास के लिए योजनाओं...



खबर संक्षेप में



## संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई

**नलखेड़ा।** रविवार को रेनबसेरा में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती मनाई गई। जिसमें बुजोर्गों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोडूलाल ठींकरीया, विशेष अतिथि रमेशचन्द्र समरावत अध्यापक जगदीश बैगाना अध्यापक जप सदस्य रामकरण बलवंतिया लक्ष्मण सिंह सेमली थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास की विचारधारा से उस समय सर्वसमाज प्रेरित हुआ जब उन्होंने आजीवन आडंबर पाखंडवाद जातिवाद का विरोध किया और समभाव समरसता का समाज को संदेश दिया।

## प्रमोद त्रिवेदी बने श्री गोड़ ब्राह्मण समाज कानड़ के अध्यक्ष




**कानड़।** नगर के ब्राह्मण सेरी में कुलदेवी मांगलिक भवन परिसर में शनिवार को हुई श्रीगोड़ ब्राह्मण समाज की बैठक में प्राथमिक साख सकारी संस्था दुपाड़ा के प्रबंधक प्रमोद कुमार त्रिवेदी को श्री गोड़ ब्राह्मण समाज कानड़ का सर्व समिति से अध्यक्ष चुना गया है। साथ ही उपाध्यक्ष पद पर विद्याधर शर्मा, महामंत्री पद पर मनीष शर्मा, सचिव विष्णु त्रिवेदी, सहायक सचिव दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी एवं संयुक्त सचिव जितेंद्र शर्मा, प्रवक्ता में योगेश शर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कैलाश नारायण शर्मा, संतोष शर्मा, प्रवीन शर्मा, मनोज त्रिवेदी, महेश शर्मा, आदि ब्रह्म समाज के सदस्य उपस्थित थे। प्रमोद त्रिवेदी के श्री गोड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बनने पर कानड़ आर्य समाज समाज मंदिर दयानंद मार्ग पर सरोफा बांधकर स्वागत किया। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार राठौर, जिला पंचायत सदस्य लोकेंद्र सिंह सोलंकी, पार्षद दरबार सिंह आर्य, अमृतलाल शर्मा, दिलीप आर्य, हरि ओम सरल आदि उपस्थित थे।

## 4 से 8 फरवरी तक होगा संगीतमय श्री भगवत वेद कथा का आयोजन

**कानड़।** नगर में 4 से 8 फरवरी तक संगीतमय श्री भगवत वेद कथा का चौथी बार आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक माताजी रोड स्थित मांगलिक भवन परिसर में संपन्न होगी। कथा का वाचन इंदौर के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं. प्रकाश आर्य (महू) के मुखारबिंद से होगा। आयोजन का उद्देश्य समाज में संस्कार, सनातन धर्म एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। कार्यक्रम के संरक्षक पं. काशीराम आर्य हैं। वहीं आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल एवं महिला समिति की अध्यक्ष पार्षद विजयलक्ष्मी माली के नेतृत्व में समस्त कानड़ नगरवासियों एवं आर्य समाज के सहयोग से यह आयोजन संपन्न होगा। महिला समिति अध्यक्ष पार्षद विजयलक्ष्मी माली ने बताया कि 4 फरवरी को कथा के शुभारंभ अवसर पर प्रातः 10 बजे आर्य वीर दल व्यायाम शाला पुराना थाना से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष शामिल होंगे। आयोजकों ने नगर एवं आसपास क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### ध्वजा का चल समारोह निकाला, जम्मा जागरण भी हुआ

# माता अंबिका प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन






हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी की नगरी में स्थित सकलेचा गोत्रीय कुल भैरव के देवस्थान पर माता अंबिका की प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर द्विदिवसीय ध्वजा महोत्सव अंतर्गत नगर में ध्वजा का चल समारोह निकाला गया। वहीं रात्रि में जम्मा जागरण कार्यक्रम में भजन गायको द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। आयोजन में बड़ी संख्या में सकलेचा बंधुओ ने भाग लिया। देशभर में फैले समस्त सकलेचा गोत्रीय बंधुओं के हाजरा - हुजूर कुल भैरव की प्रतिमा नलखेड़ा में स्थित है। जहां कुल भैरव के आंगन में माता अंबिका की प्रतिमा की प्रतिष्ठा एक वर्ष पूर्व की गई थी।

प्रतिष्ठा की प्रथम वर्ष गांठ पर ध्वजा महोत्सव का धार्मिक आयोजन के अंतर्गत शनिवार प्रातः 10 बजे श्री चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर जी से ध्वजा का पूजन के साथ



नगर में गाजेबाजे व ढोल- ठमाको के साथ चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में लाभार्थी परिवार अपने सिर पर ध्वजा धारण कर चल रहे थे। चल समारोह में सकलेचा बंधु पारंपरिक वेशभूषा में सफेद वस्त्र तथा गले में दुपट्टा डालकर शामिल थे। महिलाएं केसरिया एवं लाल चुन्नी बेस व साड़ी पहनकर चल समारोह में चल रही थीं।

प्रमुख मार्ग से चल समारोह बड़ा गणेश



मंदिर पर पहुंचा जहां पर भगवान गजानन का पूजन कर माल्यार्पण किया गया। यहां से चल समारोह पांडिया कॉलोनी स्थित भैरूजी के देवस्थान पर पहुंचा जहां श्री सच्चियाय माता के परम भक्त अंकित भटेवरा रतलाम द्वारा विधि विधान के साथ ध्वजा चढ़ाने के लाभार्थी अनिलकुमार राजेशकुमार सकलेचा परिवार उज्जैन के द्वाराअभिजीत मुहूर्त में 12.39 पर भेरुजी के देवस्थान तथा अंबिका माता की छतरी पर नूतन ध्वजा चढ़ाई गई। इसी के साथ विभिन्न लाभार्थी परिवारों द्वारा माता प्रतिमा व भेरूजी का अभिषेक, श्रृंगार आरती, कुंकू छापे,बालभोग आदि के कार्यक्रम अंकितजी भटेवरा द्वारा संपन्न करवायें गये। ध्वजा कार्यक्रम उपरांत जैन धर्मशाला में सकलेचा बंधुओं का सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया।

### माता भजनों की दी गई प्रस्तुतियां

कुल भैरव के देव स्थान पर शुक्रवार रात्रि को जम्मा जागरण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें कपिल राठौर एंड पार्टी द्वारा माताजी के भजनों के साथ अन्य धार्मिक भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। जम्मा जागरण का कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा बड़ी संख्या में सकलेचा बंधु एवं महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित थीं।

## ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर राजयोग ध्यान हेतु वृद्धजनों को आमंत्रित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वृद्धजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से संगम-गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन कार्यक्रम का आयोजन मांगलिक भवन में किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी आश्रम आगर से आईं किरण दीदी ने वृद्धजनों को राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया एवं इसके मानसिक शारीरिक तथा आत्मिक लाभों की जानकारी दी। इसके बाद इकलेरा से आईं बीके शकुन दीदी द्वारा वृद्धजनों को उपयोगी शारीरिक गतिविधियां कराई गईं।

नलखेड़ा सेवा केंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी रुक्मिणी दीदी ने सभी वृद्धजनों को श्रीफल माला एवं शाल पहनाकर सम्मानित किया तथा सेवा केंद्र पर नियमित राजयोग ध्यान के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम के दौरान गणेश जायसवाल ने ब्रह्माकुमारी आश्रम का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। वहीं लता तिवारी ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए संस्था से जुड़ने से प्राप्त लाभों एवं जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी दी।

## 7 मार्च तक होगा गेहूं का पंजीयन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 7 फरवरी से दिनांक 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। किसान तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र, ग्राम पंचायत में स्थापित सुविधा केंद्र, जनपद पंचायत में स्थापित सुविधा केंद्र, सहकारी समिति द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र और एमपी किसान एप पर निशुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा किसान लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर और साइबर कैफे पर 50 रुपए का अधिकतम शुल्क देकर पंजीयन करा सकते है। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा।

## फूलमाली समाज ने निकाला बेवान आज पुनः मंदिर लाएंगे भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

वर्षों से चली आ रही परंपरा का फूलमाली समाज द्वारा आज भी निर्वहन किया जा रहा है। जिसके तहत रणछोड़ मंदिर से भगवान को बेवान में बैठाकर श्री सांवलिया नाथ मंदिर ले जाया गया। यहां से भगवान को आज पुनः रणछोड़ मंदिर लाया जाएगा।

परंपरानुसार रविवार को माघ मास की पूर्णिमा पर फूलमाली समाज द्वारा मुखर्जी मार्ग स्थित रणछोड़ मंदिर से गाजे बाजे व भजन मंडली के साथ ठाकुरजी को रथ में विराजित कर चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में आगे आगे घुड़सवार धर्म ध्वजा लिए चल रहे थे। भजन मंडली भक्ति गीतों की प्रस्तुति देते चल रही थी जिन पर समाजजन थिरकते चल रहे थे। एक सुसज्जित रथ में समाजजन



ठाकुरजी को लेकर बैठे थे। चल समारोह में बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल थे। चल समारोह मुखर्जी मार्ग से चौक बाजार गणेश चौराहा शिवाजी चौराहा से पुनः चौक बाजार होते हुए श्री सांवलिया नाथ मंदिर पहुंचा। चल समारोह का स्थान स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रविवार रात्रि को रणछोड़ मंदिर के ठाकुर जी श्री सांवलिया नाथ मंदिर पर ही रहें। रात्रि में समाजजनों द्वारा भक्ति का कार्यक्रम रखा। श्री सांवलिया नाथ मंदिर से फूलमाली समाज ढोल ढमाकों के साथ ठाकुर जी को आज पुनः रणछोड़ मंदिर लाएंगे।

### उत्कृष्ट विद्यालय का वार्षिक उत्सव आयोजित

## अनुशासित दिनचर्या हो तो जीवन में सफलता निश्चित मिलती है : प्रोफेसर जगदीश कुल्मी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय का वार्षिकोत्सव पारंपरिक तरीके से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश त्रिवेदी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय शासकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर जगदीश कुल्मी द्वारा की गई। कार्यक्रम के अतिथि अमेरिका की सेना के साइबर विभाग में सेकंड लेफ्टिनेंट नवीन पाटीदार थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुल्मी ने कहा कि अनुशासित रूप से अगर आपकी दिनचर्या हो तो जीवन में सफलता निश्चित मिलती है। उन्होंने बताया कि हमेशा पूर्ण पाठ्यक्रम पढ़ना चाहिए इससे ज्ञान पूर्ण होता है एवं जीवन में सफलता प्राप्त होती है। रोजगार की समस्या समाप्त हो जाती है। कार्यक्रम के अतिथि अमेरिका में पदस्थ नवीन पाटीदार ने बताया कि नई सोच से आगे बढ़कर जीवन को प्रगतिशील बनाया जा सकता है। कोई भी कार्य कठिन नहीं माने प्रयत्न करने पर सभी कार्य आसन होते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश त्रिवेदी ने बताया कि हमारे कार्य में देशभक्ति की भावना होना चाहिए। पहले देश होना चाहिए उसके बाद हमारा जीवन होना चाहिए। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों के लिए छात्रों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए।

**सेवानिवृत हुए शिक्षकों का किया सम्मान :** कार्यक्रम में संकुल अंतर्गत पिछले सत्र में जो शिक्षक सेवानिवृत हुए हैं उनका भी शाल श्रीफल से संकुल द्वारा सम्मान किया गया जिसमें शिवनारायण गुर्जर मधुबाला पालीवाल निर्भय सिंह यादव भंवरलाल मेघवाल आदि सम्मिलित रहे। इस अवसर पर कक्षा 12 के छात्रों का विदाई समारोह भी संपन्न हुआ। सभी को प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा कियें। स्वागत भाषण संस्था प्राचार्य ओमप्रकाश बंसिया ने दिया कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 के विद्यार्थी एवं उषा शर्मा एवं श्याम पाटीदार द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन अजय सोगानी उच्च माध्यमिक शिक्षक द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक महेश पाटीदार कृष्णा कुशवाहा रजक मंसूरी आता अली भूपेंद्र सिसोदिया सोनू शर्मा कामना यादव कैलाश विट्ठल शानू घनश्याम पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

## प्रेम विवाह: 10 महीने बाद नवविवाहिता ने लगाई फांसी

**बुधनी।** गुरुवा बाबा कॉलोनी में गुरुवार को एक किराए के मकान में नवविवाहिता किरण परी दायमा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। वह 19 साल की थी। किरण ने करीब 10 महीने पहले मंडीदीप निवासी अंकित दायमा से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों बुधनी में किराए के मकान में रह रहे थे। अंकित बुधनी की एक निजी कंपनी में काम करता है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। जिस कमरे में शव मिला, उसका दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा मृतका के परिजनों की मौजूदगी में खोला गया। अंदर किरण का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। किरण और अंकित दोनों मंडीदीप के रहने वाले हैं। पति अंकित ने बताया कि किरण किसी अन्य व्यक्ति से मोबाइल पर बात करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। घटना के समय घर में कोई और मौजूद नहीं था। मृतका के परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। फिलहाल पुलिस ने मर्ग दर्ज कर पड़ताल शुरू की है।

### मौसम में उतार-चढ़ाव जारी, सुबह कोहरा, दिनभर बादल, सर्द हवाएं तेज

# न्यूनतम तापमान 13 .5 डिग्री पर पहुंचा, बादलों के कारण हल्की बारिश भी होने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह कल के 8.5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान से अधिक है। शासकीय कृषि महाविद्यालय सीहोर के मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर के अनुसार, बादलों की सघनता बढ़ रही है और हल्की बारिश की संभावना है।

### सुबह कोहरा, दिनभर बादल

अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। कल अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस था, जो आज 26 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 24 घंटों में मौसम में उतार-चढ़ाव देखा गया, जिसमें सुबह हल्का कोहरा



और आसमान में बादल छाए रहे। नवरी माह के अंतिम सप्ताह में मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। हाल ही में रात के समय हुई बारिश के बाद से कड़ाके की ठंड का दौर फिर से शुरू हो गया है। उत्तर दिशा से आ रही ठंडी और बर्फीली हवाओं के कारण सीहोर जिले में शीतलहर का प्रभाव बना हुआ है।

### सुबह कई स्थानों पर छाया घना कोहरा

सुबह के समय हल्का और घना कोहरा छाने से दृश्यता (विजिबिलिटी) में कमी आई है। शनिवार सुबह कई स्थानों पर घना कोहरा देखा गया, जिससे दृश्यता घटकर 50 मीटर रह गई थी। बादलों के कारण सुबह 10 बजे तक भी सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच पाईं।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, हवाओं की दिशा में बदलाव से मौसम में और परिवर्तन देखने को मिल सकता है। हालांकि, रात के तापमान में गिरावट जारी रहने से ठंड का असर बना रहेगा।

## सोंधिया राजपूत समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 अप्रैल को होगा




**आगर मालवा।** समाज में बढ़ते विवाह खर्च और सामाजिक एकता को मजबूती देने के उद्देश्य से सोंधिया राजपूत समाज द्वारा द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 25 अप्रैल 2026 को किया जा रहा है। यह सम्मेलन कानड़ स्थित दरबार कृषि फार्म, बैंक ऑफ इंडिया के सामने आयोजित होगा। यह निर्णय सोंधिया राजपूत समाज आगर के जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह बोडना की अध्यक्षता में आर्य समाज मंदिर दयानंद मार्ग में हुई बैठक में लिया गया। विवाह सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष पर भी विचार हुआ। जिसमें सर्व सहमति से ग्राम सनावदि के युवा सरपंच जगदीश सिंह चौहान को विवाह सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया। सम्मेलन की शुरुआत प्रातः बारात आगमन से होगी, इसके बाद प्रतिज्ञा कार्यक्रम एवं शुभ लग्न में वर-वधु सात फेरे लेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि सामूहिक विवाह के माध्यम से समाज के जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करने के साथ ही सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा दिया जाएगा। सम्मेलन में वर पक्ष एवं वधू पक्ष की सहभागिता राशि 25-25 हजार रुपये निर्धारित की गई है। साथ ही नवदंपतियों को गृहस्थ जीवन की शुरुआत के लिए आवश्यक घरेलू सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी, जिसमें बर्तन, फर्नीचर, कूलर, सिलाई मशीन सहित अन्य उपयोगी सामान शामिल रहेगा। आयोजन समिति द्वारा विवाह योग्य युवक-युवतियों के पंजीयन हेतु विभिन्न केंद्र भी निर्धारित किए गए हैं। समिति अध्यक्ष जगदीश सिंह चौहान एवं संरक्षक रामलाल सिंह सिसोदिया ने समाज के अधिक से अधिक परिवारों से सम्मेलन में सहभागिता कर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों के न्यूनतम वेतन को लेकर प्रधानमंत्री को लिखा पत्र



**देवास।** पेंशनरों के न्यूनतम वेतन को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पं. रितेश त्रिपाठी ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह को पत्र लिखा था। पं. त्रिपाठी के पत्र पर अनुशंसा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा जिसमें उन्होंने बताया कि में अपने इस पत्र के साथ पं. रितेश त्रिपाठी वरिष्ठ समाजसेवी निवासी 26, चामुंडा पैलेस, देवास, मध्य प्रदेश का आवेदन पत्र संलग्न कर आपके पास भेज रहा हूँ। त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि लगभग 78 लाख पेंशनर्स को 7500 रूपये प्रतिमाह पेंशन का आश्वासन आपके द्वारा एवं वित्त मंत्री, श्रम मंत्री द्वारा कई बार दिया गया है। परन्तु आज दिनांक तक उक्त घोषणा के अनुरूप पेंशनर्स को 7500 रूपये प्रतिमाह पेंशन जारी नही की गई है जिससे उनका जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इस विषय में जल्दी निर्णय लेकर पेंशनर्स के हितार्थ उक्त घोषणा को जल्दी लागू कराये जाने विषयक अनुरोध किया है।

### ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत पुलिस ने म्यूल बैंक खातों का बड़ा नेटवर्क किया ध्वस्त

# 9 आरोपी गिरफ्तार, 2 लाख नकद और 13 लाख फ्रीज़, 19 मोबाइल के साथ कार जब्त

### युवाओं को लालच देकर उनके बैंक खातों को करते थे, करोड़ों की साइबर ठगी की राशि हस्तांतरित करने में इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रदेश पुलिस के विशेष अभियान "ऑपरेशन मैट्रिक्स" के तहत देवास पुलिस ने म्यूल बैंक खातों के जरिए साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। कार्रवाई में अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 लाख नगद, 19 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, चेकबुक, एटीएम कार्ड, दस्तावेज और एक टाटा नेक्सॉन कार सहित कुल 16.77 लाख का मश्रुका जब्त किया है। साथ ही साइबर फ्रॉड से जुड़ी 13 लाख की राशि बैंक खातों में फ्रीज़ कराई गई है। पुलिस के अनुसार गिरोह युवाओं को लालच देकर उनके बैंक खाते किराये पर लेता था।

इन खातों का उपयोग साइबर अपराधी टेलीग्राम के माध्यम से शेयर मार्केट निवेश के नाम पर ठगी की रकम ट्रांसफर करने में करते थे। आरोपियों के खातों में करोड़ों रुपये का संदिग्ध लेन-देन मिला, जिसका वे कोई वैध स्पष्टीकरण नहीं दे सके।दबिश के दौरान होटल श्री जी, गंगानगर देवास से पाँच आरोपी पकड़े गए। पूछताछ और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर चार अन्य "सीनियर एजेंट" भी गिरफ्तार किए गए, जो साइबर ठगों को म्यूल खाते उपलब्ध कराते थे।पुलिस ने प्रकरण में धारा 318(4), 316(5) BNS व म.प्र. निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है।इस कार्रवाई में औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस और जिला साइबर सेल की टीम की सराहनीय भूमिका रही। म्यूल अकाउंट मुक्त बनाए जिला आपरेशन मैट्रिक्स₹ के तहत पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों तथा जिला साइबर सेल देवास को आदेश दिया गया है कि ₹ऑपरेशन मैट्रिक्स₹ की मंशा के अनुरूप देवास जिले को ₹म्यूल अकाउण्टर₹ मुक्त बनाया जाना है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया,उनि राकेश चौहान,गौरव नगावत, नरेन्द्र अम्करे, राधेश्याम वर्मा,मप्रआर निर्मला पाल, आर अजय जाट, लक्ष्मीकांत शर्मा,नरेन्द्र सिरसाम, यशपाल रायपुरीया, अर्पित जायसवाल, अजय साल्वे एवं साइबर सेल से प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर,सचिन चौहान व गीतिका कानूनगो सराहनीय भूमिका रही ।

# भमोरी के जंगल में आलू व्यापारी की हुई निर्मम हत्या

### कमलापुर पुलिस जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

भमोरी के जंगल में रविवार दोपहर एक युवक पर अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। युवक का मृत अवस्था में शव मिला। सूचना मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर डायल हंड्रेड 112 एवं कमलापुर व हाटपिपलिया पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पर देखा कि एक आम रास्ते पर मृत अवस्था में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। जिसके पास बुलेट वाहन भी खड़ा हुआ है। युवक के शरीर पर धारदार हथियार से वार के घाव भी देखे गए हैं, जैसे ही इस मामले की जानकारी क्षेत्र में फैली मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। परिजन व रिस्तेदार मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर कमलापुर थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पर मृत युवक की पहचान सतीश पिता ओमप्रकाश पाटीदार निवासी करनावद के रूप में हुई है। हालांकि युवक की हत्या किन कारणों के चलते हुई है इसका अभी पता नहीं चल पाया है। प्रथम दृष्टि में युवक की हत्या का अज्ञात कारण सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक किसानों के खेतों से आलू खरीद कर बेचने का काम करता था। घटनास्थल से पहले कुछ दूरी पर एक ढाबा संचालित होता है। जहां पर शराब खौरी भी होती है। इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग से लगभग दो किमी अंदर इस घटना को अंजाम दिया गया है। घटना स्थल से कुछ दुरी पर एक फुटा हुआ मोबाइल भी पुलिस को मिला है। मृतक की एक बेटी व तीन माह का बेटा है। बताया जा रहा है कि किसी ने मृतक को फोन कर के बुलाया था। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि प्रथम दृष्टि में अभी हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटनास्थल पर एफएसएल टीम एवं फिंगर टीम उज्जैन द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मीणा ने बताया कि मृतक आलू का व्यापार करता था जो कि चापड़ा बागली के बीच में एक कोल्ड स्टोरेज के कार्यक्रम में आया हुआ था। उक्त मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 302 दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा मौका पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए शासकीय अस्पताल बागली भेजा गया।

# बीआर वाटिका पर मनाया गया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजपूत का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

रविवार को नेवरी फाटे स्थित बीआर वाटिका में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। नेवरी फाटे स्थित पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दशरथ धाकड़ के निवास पर राजपूत को केले से तोला गया व साफा बांधकर 51 किलो की पुष्पमाला पहनाकर केक काट कर जन्मदिन मनाया गया। इस अवतार पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर का भी साफा बांधकर पुष्पमाला पहनकर स्वागत किया गया। इस दौरान देवी सिंह गोयल, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, रजत पाल सिह राजपूत, शांतिलाल कुमावत, दशरथ धाकड, नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, बोलासा सरपंच महिपाल सिंह बैस, पृथ्वीराज धाकड़, आदि लोग मौजूद रहे। इसी तरह नराना स्थित यादव मिल्क सेंटर पर भी दौलत यादव के नेतृत्व में राजपूत का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर दौलत यादव, सरपंच सुमेर सिंह नागर, करण सिंह यादव, कैलाश यादव, सरपंच तेज यादव, मोहन बड़वाया, भीम यादव, आदि लोग मौजूद रहे।

# गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन 7 फरवरी से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026-27 में गेहूँ पंजीयन की तिथि 07 फरवरी 2026 से 07 मार्च 2026 तक नियत की गई है। जिले में गतवर्ष अनुसार समिति स्तरीय 86 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये है। उक्त केन्द्रों पर निःशुल्क किसान पंजीयन की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत कार्यालयों/तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर भी किसान निःशुल्क पंजीयन करवा सकते है। पंजीयन नीति अनुसार एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यक्तियों द्वारा साईबर कैफे पर किसान स-शुल्क पंजीयन करवा सकते है। पंजीयन हेतु निर्धारित शुल्क 50 रूपये से अधिक नहीं होगी। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य के पर्यवेक्षण, हेल्पलाइन, पंजीयन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण, पंजीयन संबंधी समस्त विवादों के निराकरण एवं अन्य विषयों पर निर्णय लेने हेतु जिला स्तर पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में एवं अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्ष में जिला स्तरीय/अनुभाग स्तरीय निरीक्षण एवं निगरानी समिति का गठन किया गया है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिचित कराने एवं कठिनाईयों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, देवास में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, कन्ट्रोल रूम के प्रभारी मुकेश शर्मा, सहायक एकाउंटेन्ट, को नियुक्त किया गया है। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक खाते में किया जायेगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। आधार से खाता, मोबाईल नम्बर लिंक करने में पोस्ट आफिस के माध्यम से कराया जा सकता है। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। जनधन, अक्रियाशील, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। अतः समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय करने हेतु सभी किसान भाईययो से अनुरोध है कि, गिरदावरी पोर्टल पर प्रर्दाित रकबा तथा उपरोक्त दस्तावेज सहित अपनी सुविधा अनुसार नजदीकी पंजीयन केन्द्र, कियोस्क, एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र, जनपद पंचायत, तहसील में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर उपस्थित होकर अपना किसान पंजीयन कराए।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने माता-पिता और भाई पर किया जानलेवा हमला

**देवास।** जिले के ग्राम गंधर्वपुरी में शनिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां मानसिक रूप से कमजोर बताए जा रहे एक युवक ने अपने ही माता-पिता और ममेरे भाई पर कुल्हाड़ी और दराते से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सोनकच्छ से जिला चिकित्सालय देवास लाए थे। यहां प्राथमिक उपचार कर माता-पिता को इंदौर रेफर कर दिया है। मामले को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी अनुसार अर्जुन पिता जगन्नाथ कुशवाह ने अपनी माता मानसागर बाई व पिता जगन्नाथ पिता चुन्नीलाल निवासी गंधर्वपुरी व ममेरे भाई ईंदर पिता धनसिंह निवासी ग्राम काछीगुराडिय़ा को दराते व कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। बताया जाता है कि अर्जुन बीते करीब 15 वर्षों से मंदबुद्धि होकर पागलों जैसी हरकतें कर रहा था। वह नशे का आदी भी है। रविवार को घायल सभी सदस्य खेत पर थे, तब उसने घटना को अचानक अंजाम दिया। घटना की जानकारी के बाद सभी घायल व परिजन आश्चर्य चकित है। बताया जाता है कि ममेरे भाई को अर्जुन ने मारपीट करते कुएं में फेंक दिया था, जो सकुशल बाहर निकल आया था। घायलों का सोनकच्छ के सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद देवास रेफर किया यहां से इंदौर रेफर किया है।

# अरिहंत पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव व छात्र सम्मान समारोह हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नगर के बागली रोड़ स्थित अरिहंत पब्लिक स्कूल में शनिवार शाम को वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालक बालिकाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय से स्काउट गाइड का पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त 350 बच्चो को शील्ड व प्रमाण पत्र वितरित कर बच्चो सहित उनके अभिभावक को सम्मानित किया गया। विद्यालय द्वारा प्राप्त उपलब्धि के बारे में धीरज सिंह राजावत ने बताया कि विद्यालय के 13 बच्चो द्वारा पूर्व वर्ष में नीट परीक्षा पास कर एमबीबीएस कर रहे है। राजावत ने बताया कि वर्षो से विद्यालय का संचालन कर रहे मोहन जाट के बालक ने इसी विद्यालय प्रथम स्थान प्राप्त किया था और आज इंदौर के टॉप कॉलेज में मेडिकल कि पढ़ाई कर रहा है। उसके साथ कई ऐसे छात्र छात्राएं है जो आज बहुत अच्छे स्तर पर पहुंच चुके है। समाजसेवी रामनारायण यादव ने स्कूल के स्टॉफ व संचालक को हमेशा बेहतर रिजल्ट देने व देश भक्ति से ओत प्रोत प्रतियोगिता करवाने के लिए बधाई दी। विद्यालय में गत वर्ष बोर्ड कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले करीब 22 बच्चों का सम्मान कर पुरस्कृत किया गया। रवि पाटीदार, मुकेश विश्वकर्मा ने भी प्रत्येक वर्ष बोर्ड कक्षा में जिले की मैरिट लिस्ट में नाम अंकित करने पर विद्यालय स्टॉफ को बधाई दी। विद्यालय की पूर्व शिक्षिका एडवोकेट विद्या सेंधव को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्नेहा व निशा पाटीदार ने किया। आभार स्कूल संचालक मोहन जाट ने माना।

# हिंदू सम्मेलन व नानी बाई का मायरा कथा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




क्षेत्र के ग्राम कांझर में धर्म, संस्कृति और राष्ट्रवाद की त्रिवेणी प्रवाहित हुई। विराट हिंदू सम्मेलन एवं दीदी शिवानी किशोरी के श्रीमुख से प्रवाहित 'नानी बाई का मायरा' कथा का आयोजित हुई। इस भव्य आयोजन का समापन भारत माता की महाआरती और भंडारे के साथ हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में माँ नर्मदा की अनन्य साधिका अखिलेश्वरी उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने सनातन मूल्यों और नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि के रूप में इंदौर से पधारीं पूजा दीदी एवं नम्रता दीदी शर्मा के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह राजेंद्र सिंह सेंधव मंचस्थ रहे।अतिथियों का औपचारिक परिचय मंडल कार्यवाह राजेंद्र सिंह सेंधव ने कराया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुरेंद्र सिंह ने किया।कथा के अंतिम दिन शिवानी किशोरी ने भक्त और भगवान के अटूट प्रेम के प्रसंग 'नानी बाई का मायरा' का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर हो उठा। इसके पश्चात, पूरे गांव में धर्ममय आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया।आयोजन के दौरान समाज के प्रति उत्कृष्ट सेवा देने वाले विभिन्न क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया गया। इस वृहद आयोजन को सफल बनाने में कांझर सहित आसपास के मंडल के 12 गांवों के दानदाताओं, भामाशाहों और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार रायसिंह सेंधव (खेरखेड़ी) ने व्यक्त किया।

### केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण भाजपा कार्यालय पर देखा गया

# विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने वाला बजट: सेंधव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित संगठनात्मक कार्यक्रम के निर्माता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में लोकसभा सदन में वर्ष 2026-27 विकसित और समृद्ध भारत के लिए केंद्रीय बजट केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत किया गया। बजट का सीधा प्रसारण भाजपा जिला कार्यालय देवास में दिखाया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव एवं समस्त वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण सुनने के लिए उपस्थिय रहे।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने बताया कि जिले के सभी 25 मंडलों में निर्धारित स्थानों पर केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण आयोजित किया गया, जिसमें सभी बुथ स्तर तक के कार्यकर्ता एवं आम जनता शामिल हुई।भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि यह केंद्रीय आम बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत होने वाले 80 वें केंद्रीय बजट के संदर्भ में विकसित भारत @2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से केंद्रीय बजट 2026 के जनहितकारी है।यह बजट की विशेषताओं को आमजन तक पहुँचाने की रणनीति पर मार्गदर्शन दिया है। केंद्रीय बजट 2026 विकास, विश्वास और जनकल्याण के मूल मंत्र पर आधारित हुआ।

जो भारत को वर्ष 2047 तक एक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत होने वाला यह बजट समाज के सभी वर्गों—किसान, महिला, युवा, श्रमिक एवं मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर मुकाती, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी वरिष्ठ भाजपा नेता ओम जोशी, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय दायमा , मनोहर जाधव, गणेश पटेल, वासुदेव परमार, विजेंद्र राणा, बाबु यादव , पंकज घारु, प्रतीक सोलंकी सहित कहीं कार्यकर्ता समाज सेवा बुद्धिजीवी वर्ग के लोग उपस्थित थे।उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# कांग्रेस के जिला संगठन महासचिव बने जितेंद्र गौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



हाल ही में प्रदेश कांग्रेस ने जिला संगठन महासचिवों की नियुक्तियां की हैं। जिले में जितेंद्रसिंह गौड़ का जिला संगठन महासचिव बनाया है। गौड़ की नियुक्ति संगठन में किए गए उनके कार्यों के आधार पर हुई है। जिले में संगठन की मजबूती के साथ ही समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है। एनएसयूआई और युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैसे पदों पर रहकर गौड़ ने युवाओं की टीम तैयार की और कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान की। छात्र राजनीति में अपना विशिष्ट मुकाम बनाया और जिलेभर के कालेजों में कांग्रेस की छात्र राजनीति का लोहा मनवाया। जब युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष का पद मिला तो युवाओं की टीम तैयार कर मप्र की भाजपा सरकार के खिलाफ कई आंदोलन किए। अनूठे आंदोलनों के कारण प्रदेशभर में गौड़ सुर्खियों में रहे और कुछ दिन पहले ही ठेले पर शराब बेचने वाले आंदोलन से आबकारी विभाग को घेरा था। इस आंदोलन ने पूरे प्रदेश में सुर्खियां बटोरी थी। नई नियुक्ति को लेकर कांग्रेसजन में भी उत्साह है और उनका कहना है कि गौड़ की नियुक्ति से कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी। जितेंद्रसिंह गौड़ ने कहा कि कांग्रेस की मजबूती ही पहली प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप

### मोटर साइकिल का अगला चक्का ले गया बदमाश

**ललितपुर।** नहर के पास मोहल्ला पिसनारी में रहने वाले उमाशंकर पुत्र दयाराम विश्वकर्मा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 30 जनवरी की रात उसकी हीरो पेशन प्रो मोटर साइकिल घर के बाहर खड़ी हुयी थी, जिस पर देर रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी मोटर साइकिल का अगला चक्का खोलकर ले गया था। अगले दिन सुबह उसने देखा कि बाइक का चक्का नहीं है तो उसने सीसीटीवी कैमरे में फुटेज देखी तो पाया कि कुंवरपुर व हाल पिसनारी निवासी भरत पुत्र जयसिंह द्वारा मोटर साइकिल का चक्का खोलकर चोरी कर रहा है।

### उधारी के रुपए वापस मांगने पर मारपीट कर धमकाया

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम सैदपुर मुडिया में रहने वाले मोतीलाल पुत्र हरलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 जनवरी शनिवार की रात करीब 8 बजे वह अपने खोखा दुकान में बैठा था। तभी गांव के नीतेश पुत्र बालकिशन आया, जब उसने नीतेश से उधारी के पांच हजार रुपये मांगे तो नीतेश ने उसे गालियां देते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर उसकी पत्नी उपासना व पुत्र सौरभ आ गये, तभी बालकिशन पुत्र छिदामी उर्फ कंछेदी व फूलबाई पत्नी बालकिशन भी आ धमके और उक्त लोगों ने एकराय होकर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना पीड़ित ने तत्काल 112 पर डायल कर पुलिस को दी।

### शराब पीने को रुपए न देने पर जानलेवा हमला

**ललितपुर।** एम्ब्रोसिया कॉलोनी के मकान नम्बर ए-13 में रहने वाले रविकान्त सोनी पुत्र स्व.प्रभुदयाल सोनी ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 20 जनवरी को को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह सुपर मार्केट से अपने घर जा रहा था, तभी नदीपुल के पास मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवासी यशराजा उर्फ मुक्कू पुत्र भगवान सिंह, मछली मार्केट नदीपुरा निवासी सुभाष कुशवाहा उर्फ माटू पुत्र अशोक कुशवाहा ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ एकराय होकर उसे रोक लिया और शराब पीने के लिए तीन हजार रुपयों की मांग करने लगे। रुपये न देने पर उक्त लोगों ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी।

### महिला ने साथी पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**ललितपुर।** एचडीएफसी बैंक में पीबी पर्सनल बैंकर डिप्टी मैनेजर पद पर कार्यरत महिला कर्मी ने साथ काम करने वाले युवक पर आये दिन प्रताड़ित करने, बदनाम करने और शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान करने का गंभीर आरोप लगाया है। इलाइट चौराहा से राजघाट रोड स्थित कपिल मैरिज गार्डन के पास रहने वाली परवीन खातून पत्नी नवाज रहिमतुल्ला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके साथ एचडीएफसी शाखा में तैनात विक्रम बुन्देला पुत्र कृपाल सिंह बुन्देला उसे आये दिन प्रताड़ित करता आ रहा है। आरोप है कि उसके द्वारा विरोध करने पर विक्रम बुन्देला उसे बदनाम करने इत्यादि की धमकी देता है। शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान करता है। बताया कि बीती मई 2025 में भी विक्रम बुन्देला ने उसके साथ मारपीट की थी, जिसका सीसीटीवी वीडियो उसके पास मौजूद है। यह भी आरोप है कि विक्रम बुन्देला उसके साथ गालियों के साथ अभद्र और अश्लील टिप्पणी करता है।

### मालवा एक्सप्रेस से यात्री का मोबाइल फोन चोरी

**ललितपुर।** पंजाब राज्य के पटियाला जिले की नगर कोतवाली एसएसटी निवासी निलेश पुत्र नवल कालड़ा ने जीआरपी को लिखित तहरीर में बताया कि बीती 4 जनवरी को वह 12920 मालवा एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-2 की सीट संख्या 31 पर अम्बाला से इन्दौर के लिए यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान ललितपुर रेलवे स्टेशन आने के पांच मिनट पहले ही उसने नींद से जागकर देखा तो उसकी तकिए के नीचे रखा एक मोबाइल फोन जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपये थी, तकिए के नीचे नहीं मिला।

### व्यापारियों, किसानों, मजदूरों, अधिवक्ताओं, आर्थिक विशेषज्ञों व कार्यकर्ताओं के साथ बजट सुना

# बजट में सरकार की विकास के लिए योजनाओं व नीतियों का समर्थन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में केन्द्रीय बजट का सीधा प्रसारण सुना गया। संचालन कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव भैया ने किया। देशहित में प्रस्तुत बजट कार्यक्रम को सभी व्यापारियों, किसानों, मजदूर, अधिवक्ताओं, आर्थिक क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना गया! सभी ने एकजुट होकर बजट को सुना और देश के विकास के लिए सरकार की योजनाओं और नीतियों का समर्थन किया।



यह कार्यक्रम हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था!जिसमें हमने देश के भविष्य के लिए अपने विचार और सुझाव साझा किए। इस अवसर पर समस्त जनप्रतिनिधि गण,पार्टी पदाधिकारी,मातृशक्ति एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बजट के तीन प्रमुख विन्दू प्राडिक्टिविटी बढ़ा कर आर्थिक सुधार की गति को बल देना,आम लोगों की प्रतिभा को निखारने का काम कर उन्हें देश की प्रगति में भागीदारी का अवसर प्रदान करना एवं सबका साथ मूल वाक्य का अनुसरण कर सबको संसाधन उपलब्ध कराने की प्राथमिकता पर विचार करना ताकि विकास की रोशनी अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचे।इस वजट में अन्त्योदय को ध्यान में रखते हुए खादी एवं। हस्तशिल्प को बढ़ावा देने हेतु महात्मा गांधी ग्राम समाज की पहल की है ।इसके अलावा इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन टू एवं फार्मा के क्षेत्र में विशेष बढ़ावा देने की बात रखी गई है।

जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि यह बजट हमारे ध्येय वाक्य अंतिम सीढ़ी तक रोशनी पहुंचाने के संकल्प के हिसाब से सर्व व्यापी , सर्वस्पर्शी है जो समाज के हर वर्ग गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी खासकर मध्यम वर्ग को ध्यान में रख कर वनाया गया है जिसमें कृषि, उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा इत्यादि हर क्षेत्र में बल देने का कार्य किया गया है जिसमें सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने की बात है। उन्होंने कहा कि प्रसंस्करण, अनुसंधान और विनिर्माण में दुर्लभ धातुओं का प्रयोग किया जाता है जिसमें हम लोगों की निर्भरता ज्यादातर चीन सहित अन्य कई देशों पर है । इसीलिए दुर्लभ धातु के खनन, प्रसंस्करण, अनुसंधान, विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए दुर्लभ धातु गलियारों की स्थापना के उद्देश्य से खनिज समृद्ध ओड़ीसा,केरल,आन्ध्र प्रदेश, तामिलनाडु को विशेष सहायता देने का प्रावधान किया गया है।इससे इस क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।घरैलू रसायन उत्पादन में भी मदद होगी।

श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि आम आदमी को लाभ देने हेतु वायो फार्मा क्षेत्र में दस हजार करोड़ रुपए के भारी-भरकम बजट की व्यवस्था की गई है एवं कैंसर और शुगर इत्यादि सहित सात प्रमुख जीवन रक्षक दवाओं को सस्ता वनाने का कार्य किया गया है । बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे ने कहा कि अनुसूचित जनजाति को पांच साल तक कर मुक्त रखने का प्रस्ताव रखा गया है। आयकर के रिटर्न भरने को और सरली करण करने का कार्य किया गया है।सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि सरकार ने इस बजट में पशुपालन क्षेत्र में भी खूब ध्यान रखा गया है । इसके लिए वीस हजार पशु डाक्टर चयनित करने का प्रस्ताव रखा गया है।निजी क्षेत्र में पशु रोग विशेषज्ञ,पैरा पशु शल्य महाविद्यालय,पशु अस्पताल, नैदानिक प्रयोगशालाओं,और प्रजनन सुविधाएं ध्यान में रख कर बजट जारी किया गया है।यह वजट सबके हितों के देख कर वनाया गया है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली विवेक जैन,एस आर आई प्रमुख हरीराम निरंजन, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, बंशीधर श्रीवास, महेश श्रीवास्तव भैया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश कुमार खटीक, कौस्तुभ चौबे, प्रांतीय प्रतिनिधि शशिशेखर पांडेय,व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, मोहनलाल रैकवार जिला उपाध्यक्ष बसंती लारिया, धर्मेन्द्र कुमार पाठक, हरी सिंह बुंदेला, हरीराम सिंह लोधी, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, कार्यक्रम सह संयोजक किंजल्क हुड्डैत,जिला मंत्री निखिल रामकुमार तिवारी,रजनी अहिरवार, युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम, अवतार सिंह लोधी एड, आदर्श श्रीवास्तव,आकर्ष श्रीवास्तव, मनविंदर कौर, पार्वती खटीक, मोर्चा अध्यक्ष गण श्रीमती लक्ष्मी रावत,सुरेन्द्र प्रताप रजक, ध्रुव सिंह सिसौदिया,अजय जैन साईकिल, कमलापति रिछारिया,रुपेश साहू, दीपक पाराशर, अनुपम चौबे, नगर मंत्री रोहित रावत, विवेक जिमि जैन ,जैनेन्द्र सिंघई, विजय जैन, संजय रसिया, संतोष इमलया, मनीष सड़ैया आदि मौजूद रहे।

### बजट 2026 नफा और नुकसान का संचित विश्लेषण

# किसान व ग्रामीणों को साधने की गई कवायद: श्रीवास्तव



आम इंसान की जिंदगी को नाकाफी हैं, राहत की बौछारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारत का बजट 2026 केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह देश की आर्थिक दिशा और भविष्य की प्राथमिकताओं का घोषणा पत्र है। जब वैश्विक अर्थव्यवस्था व्यापार युद्धों, टैरिफ संकटों और मंदी की आशंकाओं से जूझ रही है, तब भारत ने इस बजट के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह विकास, वित्तीय अनुशासन और सामाजिक स्थिरता को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहता है। यह बजट किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों को ठोस राहत देता है, कर ढाँचे को सरल बनाता है और पूंजीगत व्यय में ऐतिहासिक बृद्धि कर दीर्घकालीन विकास की नींव रखता है। लेकिन साथ ही यह सवाल भी उठाता है कि क्या तात्कालिक रोजगार संकट और महँगाई जैसी चुनौतियों का समाधान इसमें पर्याप्त रूप से मौजूद है।

**नफा (फायदे)**

कर ढांचे में सरलता- नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 कर प्रणाली को आसान बनाता है, जिससे आम परिवारों को समझने और पालन करने में सुविधा होगी। महिलाओं और युवाओं पर ध्यान, कौशल विकास, उद्यमिता और सामाजिक योजनाओं में निवेश बढ़ा है, जिससे परिवार के युवा और महिलाएँ नए अवसर पा सकते हैं। किसानों के लिए राहत- 1.37 लाख करोड़ का सीधा आवंटन, एमएसपी की गारंटी और पेंशन योजनाएं, ग्रामीण परिवारों को स्थिर आय का सहारा। इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश, सड़कों, सिंचाई और भंडारण पर खर्च बढ़ने से ग्रामीण और शहरी दोनों परिवारों को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा।

**नुकसान (कमियां)**

सीधी कर राहत की कमी: मध्यम वर्ग को टैक्स में तात्कालिक राहत नहीं मिली, जिससे मासिक बजट पर दबाव बना रहेगा।

**मंहगाई का असर**

रोजमर्रा की जरूरतों (खाद्य, शिक्षा, स्वास्थ्य) पर खर्च कम करने के लिए ठोस कदम सीमित हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा: घोषणाएँ हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर असर अभी भी अधूरा है। पुराने वादों की पुनरावृत्ति-कई योजनाएँ पहले से चल रही हैं, जिससे यह बजट नई बोतल में पुरानी शराब जैसा प्रतीत होता है।

**निष्कर्ष**

ग्रामीण परिवारों और किसानों को इस बजट से अपेक्षाकृत अधिक राहत मिली है। शहरी मध्यम वर्ग को कर और महँगाई से तात्कालिक राहत कम मिली है। दीर्घकालीन विकास और वित्तीय अनुशासन पर सरकार का जोर है, लेकिन आम परिवार की रोजमर्रा की ज़िंदगी में राहत सीमित है।

# दबंगों पर खाली पड़े प्लाट पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया, पुलिस से की कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौकाबाग रावतयाना में रहने वाले पीयूष रैकवार पुत्र स्व.बालचंद्र रैकवार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर दबंगों द्वारा उसकी जमीन पर जबरन अवैध कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में पीयूष ने बताया कि उसका रावतयाना बाईपास हाई-वे रोड पर एक प्लाट जो कि 100 वाई 52 का है, जिसका नम्बर 6509 व 6510 है। पीड़ित ने बताया कि उक्त जमीन उसकी पैतृक सम्पत्ति है। इस जमीन पर नेहरू महाविद्यालय के गेट नं. 2 के सामने रहने वाले दबंग जबरन कब्जा कर रहे हैं। आरोप है कि रविवार को उक्त लोगों ने उसके प्लाट पर जाकर जबरन बोर करा दिया है, जब उसने अपने प्लाट पर उक्त लोगों से बोर कराने से मना किया तो उक्त लोगों ने उसे गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि चार अज्ञात बदमाशों ने उसे दौड़ाकर मारने का प्रयास किया। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग जमीन पर अवैध कब्जा कर उसकी बाउण्ड्रीबाल पर अपना नाम लिखवा दिया है, जससे वह काफी परेशान है। पुलिस से मामले में जांच कर कार्रवाई किये जाने की मांग उठाई है।





# भंडारे का सामान लेकर ट्रैक्टर से लौट रहे युवकों पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भंडारा समाप्त कर प्रधान के ट्रैक्टर से सामान लेकर लौट रहे युवकों को बीच रास्ते में रोकते हुये जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देकर अपमानित करने, मारपीट कर धमकाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मारपीट में घायल युवकों के परिजनों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस चौकी अमरपुर गल्ला मण्डी क्षेत्र के ग्राम विघामहावत में रहने वाले राकेश पुत्र प्यारेलाल ने तहरीर देकर बताया कि बीती तीस जनवरी को गांव में स्थित माता मंदिर पर अहिरवार समाज का सामूहिक भण्डारा था। भण्डारा उपरान्त रात करीब 8.30 बजे उसका पुत्र देशराज व गांव का शिवचरन पुत्र खरगे अपने गांव प्रधान के ट्रैक्टर से सामान लेकर वापस लौट रहा था। आरोप है कि वह जैसे ही गांव में पहुंचा तो बलवंत सिंह ने अपने मकान के सामने बीच रोड पर मोटर साइकिल लगा दी। बलवंत से जब मोटर साइकिल हटाने की बात कही तो बलवंत सिंह पुत्र सिंधुसिंह राजपूत, कल्लू पुत्र रूप सिंह, राजन पुत्र बाबू, लखन पुत्र देशपत, प्रभु पुत्र प्रीतम, निहाल पुत्र सूरज सिंह लोधी ने एकराय होकर अपने-अपने हाथों में लाठी-डण्डा व कुल्हाड़ी लेकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देने लगे। मोटर साइकिल बीच रोड से हटाने और गालियां देने का विरोध करने पर उक्त लोगों ने देशराज व शिवचरन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। हमले में शिवचरन का सिर फट गया तो वहीं देशराज को भी काफी चोटें आयीं। घटना को देख ट्रॉली में सवार लोगों ने जब हमलावरों को ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। शोरगुल सुनकर कृष्णपाल पुत्र रमू अहिरवार, शिवदीन पुत्र खरगे, बब्बू पुत्र मिट्ठूलाल, ललनजू पुत्र जुरऊ एवं ट्रैक्टर में बैठे लोगों ने देखा।

# जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद बड़ौनिया पंचतत्व में विलीन

पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती के करीबी राजनीति में था बड़ा कद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष महरौनी नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम बड़ौनिया के ससुर और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के महरौनी तहसील अध्यक्ष दुष्यंत बड़ौनिया के पिता प्रमोद बड़ौनिया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। स्व. प्रमोद बड़ौनिया की पहचान समाजसेवी, अनुभवी राजनेता और पूर्व सांसद साध्वी उमा भारती के करीबियों मे होती है। वे अपने सरल स्वभाव, स्पष्ट विचारधारा, सामाजिक प्रतिबद्धता एवं जमीनी राजनीति के लिए जाने जाते रहे हैं।

उनका संपूर्ण जीवन समाज, संगठन और जनसेवा को समर्पित रहा है। प्रमोद बड़ौनिया का राजनीतिक सफर भारतीय जनता पार्टी से आरंभ हुआ। प्रारंभ से ही वे सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में संगठन से जुड़े रहे और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजनीतिक परिस्थितियों के चलते वे कुछ समय के लिए समाजवादी पार्टी एवं बाद में जनशक्ति पार्टी से भी जुड़े। किंतु उनका राजनीतिक और भावनात्मक जुड़ाव सदैव अपनी दीदी सुश्री उमा भारती जी के साथ बना रहा। सुश्री उमा भारती कृ जो मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री तथा झांसी-ललितपुर की पूर्व सांसद रह चुकी प्रमोद बड़ोनिया को अपना छोटा भाई मानती हैं। दोनों का संबंध केवल राजनीतिक ही नहीं, बल्कि पारिवारिक एवं आत्मीय रहा है। उमा भारती के साथ उन्होंने वर्षों तक राजनीति की और उनके संघर्षों, आंदोलनों एवं अभियानों में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया। बाद में वे पुनः भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्व. प्रमोद बड़ौनिया ललितपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष भी रहे है। उन्होंने अपनी पत्नी को निविरोध ब्लॉक प्रमुख बनवाया, जो उनकी राजनीतिक क्षमता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा। जहाँ उन्होंने विकास, जनकल्याण एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े अनेक कार्य किए। उनके कार्यकाल में ग्रामीण विकास, सडक़, जल, शिक्षा एवं सामाजिक योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

उन्होंने अपनी बहू को महरौनी नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जिताने में भी निर्णायक भूमिका निभाई, जो उनकी राजनीतिक सूझबूझ, संगठन क्षमता और जनसमर्थन को दर्शाता है। स्व. प्रमोद बड़ौनिया कलार/कल्चुरी समाज समिति ललितपुर के संरक्षक रहे हैं। समाज के उत्थान, शिक्षा के प्रसार, सामाजिक जागरूकता और एकता के लिए उन्होंने आजीवन कार्य किया। उनकी अंतिम यात्रा में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, मुन्नालाल जैन अभिलाषा, दरयाव सिंह, सम्राट राजा, सुरेन्द्र जैन डल्ली, संटू राजा, अफजुल मेम्बर, सूर्यकांत त्रिपाठी, आनंद पंडा, अभय श्रीमाली, शैलेन्द्र कुमार, विनय ताम्रकार, विपिन महराज, शैलेन्द्र नायक, सौरभ राजा, भोले राजा तिसगना, डॉ. विक्रांत तोमर, वीर सिंह सिंगेपुर, सुभाष जायसवाल, पवन जायसवाल, धर्मेन्द्र परमार आदि शामिल हुए।

# प्रोजेक्ट नई किरण ने 3 परिवार का पुनर्मिलन कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन हुआ, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 03 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। 03परिवार खुशी खुशी साथ साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया 05 विवादित मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है । इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, डॉ एस पी पाठक, सुभाष जैन डॉ जनक किशोरी शर्मा एड अरमान अजीज कुरैशी नई किरण में अपर पुलिस अधीक्षक महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी महिला हेका आशा देवी व महिला आरक्षी सिमरन आदि का विशेष सहयोग रहा।



# एमएलए कप 2026: राज एलेवन ललितपुर इलेवन ने जीते मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

तुवन मंदिर ग्राउंड में चल रहे सदर विधायक कप 2026 में हुये मैचों में तीन टीमों ने जीत हासिल की है। जिसमें पहले मैच में राज इलेवन व मिर्चवारा क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुये राज इलेवन ने 12 ओवर खेलते हुये 6 विकेट खोकर 138 रन का लक्ष्य रखा। मिर्चवारा क्लब ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 109 रन ही बना पायी और मैच राज एलेवन के खाते में चला गया। दूसरा मैच गायधाम इलेवन व ललितपुर एलेवन के बीच खेला गया। बल्लेवाजी करते हुये गायधाम एलेवन ने 12 ओवर 6 विकेट खोकर 138 रन बनाये, जिसमें रोहित प्यासा के शानदार लगातार 6 छक्के शामिल रहे। ललितपुर इलेवन ने 11.2 ओवर में 6 विकेट खोकर 143 रन बनाकर जीत हासिल की। हार की मुख्य वजह क्षेत्ररक्षण में कमजोरी रही। मख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा उपस्थित रहे। अतिथियों शकुंतला कुशवाहा, नगर अध्यक्ष भाजपा भगत राठौर, बार मंडल अध्यक्ष हरपाल सिसौदिया, बालकिशन राजपूत रहे। गेंदबाजी/बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विक्रांत और आकिब रजा को आयोजक श्रीकांत कुशवाहा द्वारा शील्ड व नकद पुरस्कार देकर खिलाडिय़ों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान पुरुषोत्तम कुशवाहा, राजू कुशवाहा, सुजान कुशवाहा, दीपक राठौर, राहुल राजपूत, बब्बूराजा चौबयाना, मोहन पेंटर, दीपेश राय, धर्मेंद्र परमार, अनुराग कंचन, सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

### श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा नगर भ्रमण किया

# रथ का किया स्वागत, प्रेम-सेवा व कौमी एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्री सत्य साईं सेवा संगठन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को श्रीसत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का नगर में भव्य भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संगठनों द्वारा रथ यात्रा का पुष्पवर्षा, पुष्पांजलि एवं सम्मान के साथ स्वागत किया गया। रथ यात्रा का प्रमुख स्वागत राजपूत कॉलोनी में किया गया, जहां रजनीश पुरोहित, डी.एस.विवेक, डा.अवधेश तिवारी, बृजभान सिंह, संजय भारती सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने रथ का अभिनंदन किया। इसके उपरांत श्रीगुरु सिंह सभा द्वारा गुरुद्वारे पर रथ यात्रा का सम्मान एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ओंकार सिंह सलूजा, हरविंदर सलूजा, मनजीत सिंह सलूजा सहित अनेक सिख समाज के लोग उपस्थित रहे। शिरडी साईं फैमिली द्वारा श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सी.पी. सैनी, महेश पाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। बुंदेलखंड विकास सेवा की ओर से भी रथ यात्रा का स्वागत किया गया, जिसमें हरीश कपूर टीटू, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कौमी एकता समिति की ओर से परवेज पठान, भारतीय किसान यूनियन की ओर से सुनील शर्मा अपनी टीम के साथ रथ यात्रा के स्वागत में शामिल हुए। प्रेस क्लब की ओर से अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन, कल्लू, पवन संज्ञा, सुनील सैनी, अनिल सैनी सहित पत्रकार साथियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। नगर के घण्टाघर चौराहे पर नगर पालिका परिषद द्वारा पुष्पवर्षा की गई। आटा मंदिर पर जैन समाज, धनुषधारी मंदिर पर गहोई वैश्य समाज, चित्रांश फाउंडेशन एवं श्रीवास्तव परिवार तालाबपुरा की ओर से विनय श्रीवास्तव, होटल अनुरस पर नरसिंह मंदिर समिति की ओर से हाकिम सिंह एवं परिवार तथा नारायण सिंह यादव तालाबपुरा एवं मुकेश विश्वकर्मा तालाब की ओर से रथ यात्रा का स्वागत किया गया। सायंकाल अग्रवाल रेजीडेंसी में भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में श्री सत्य साईं सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष सचिन नेब, उपाध्यक्ष अमिताभ शरण, आध्यात्मिक समन्वयक संजय तिवारी, मध्य प्रदेश आध्यात्मिक समन्वयक सुनील, ओंकार तिवारी, निशांत वर्मा आदि उपस्थित रहे।





### 2026 को बताया कृषि वर्ष- जिसमें आय बढ़ाने, जल संरक्षण और सिंचाई क्षमता विस्तार पर देंगे जोर

# विस क्षेत्र में 2 करोड़ 11 लाख के विकास कार्यों का मंत्री पंवार ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपलिया बाग, पाडल्या बना, गादिया, चारपूरा एवं मानपुरा देव में 2 करोड़ 11 लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इन विकास कार्यों में सामुदायिक भवन निर्माण, पुलिया निर्माण, बाउंड्री वॉल, चेक डैम सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी तथा आमजन को सीधा लाभ प्राप्त होगा।





## बिनियाखेड़ी में 18 लाख की लागत से सामुदायिक भवन एवं पेवर्स निर्माण कार्य का भूमिपूजन

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिनियाखेड़ी में विकास कार्यों को सशक्त रूप देते हुए लगभग 18 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित सामुदायिक भवन एवं पेवर्स निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं स्थानीय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि ब्यावरा विधानसभा में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं। सड़क, भवन, पेयजल, बिजली और ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और ग्रामीण जीवन स्तर में वास्तविक सुधार हो। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विश्व स्तर पर बढ़ती ख्याति का भी उल्लेख किया और कहा कि आज भारत विकास, विश्वास और नेतृत्व के नए मानक स्थापित कर रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से देश और प्रदेश दोनों प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। इस कार्यक्रम में जिला भजयूमो जिला अध्यक्ष के पी परमार, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, अमित शर्मा, अर्जुन सौंधिया, कमल सौंधिया, सरपंच कृष्णपाल सौंधिया, एसडीओ प्रवीण सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

### *2026 मध्यप्रदेश का कृषि वर्ष*

*मंत्री पंवार ने बताया कि वर्ष 2026 को मध्यप्रदेश में "कृषि वर्ष" के रूप में मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक अपनाने, जल संरक्षण और सिंचाई क्षमता विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे प्रदेश की कृषि व्यवस्था को और अधिक मजबूत आधार मिलेगा।*

### *भारत-यूरोपियन यूनियन ट्रेड डील पर प्रधानमंत्री की विदेश नीति की सराहना*

*मंत्री पंवार ने भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच हुई ट्रेड डील का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी और सशक्त विदेश नीति का परिणाम है। इस समझौते से भारतीय कृषि उत्पादों, उद्योगों और निर्यात को वैश्विक बाजार में नई पहचान मिलेगी, जिससे किसानों और उद्यमियों को लाभ होगा।*

## ठंड में अलाव का सहारा लेकर किसानों के बीच पहुंचे विधायक



**कुरावर।** शनिवार को क्षेत्र में कड़ाके की ठंड का असर दिनभर बना रहा। सुबह से लेकर शाम तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो सके, जिससे शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी रहा। ठंड से बचने के लिए नगर व ग्रामीण अंचलों में नागरिकों, व्यापारियों और किसानों को गली-मोहल्लों व मुख्य मार्गों पर अलाव का सहारा लेते देखा गया। इसी बीच क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ठंड के इस कठिन दौर में ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे। हाल ही में हुई ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को हुए नुकसान की जानकारी लेने विधायक किसानों के बीच पहुंचे, जहां किसान अलाव जलाकर ठंड से बचाव कर रहे थे। विधायक ने किसानों से सीधे संवाद कर फसल क्षति की स्थिति जानी और उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ हर परिस्थिति में खड़ी है। ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे कराया जा रहा है, ताकि वास्तविक नुकसान का आकलन कर किसानों को शीघ्र राहत दी जा सके। इस दौरान ग्रामीणजन एवं किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### महिला का पीछा करते हुए घर में भी फेंकता था पत्थर

# धर्म परिवर्तन के लिए परेशान करने वाले युवक पर दर्ज की एफआईआर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के पुरा क्षेत्र निवासी एक हिन्दू महिला को जबरन इस्लाम धर्म अपनाने के लिए कई दिनों से परेशान करते आ रहे युवक पर कोतवाली पुलिस ने मप्र धार्मिक स्वतंत्रता का अधिनियम सहित अन्य सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी युवक कभी महिला का पीछा करते हुए उसे धमकी देता तो कभी उसके घर पर पत्थर फेंका करता था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया है।

### थाने पहुंचे परिजन और हिन्दू संगठन कार्यकर्ता

युवक से परेशान महिला ने यह बात अपने परिजनों को बताई। जानकारी लगने पर हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता भी शुक्रवार रात्रि थाने पहुंचे और पुलिस से कार्यवाही की मांग रखी। पुलिस ने राजा मेवाती पर बीएनएस की धारा 78(1), 79, 351(3) एवं मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3(1)(बी) एवं 5 के तहत एफआईआर दर्ज करते हुए युवक को कस्टडी में लिया है।

### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार पुरा मोहल्ला निवासी एक महिला को समीप ही रहने वाला राजा उर्फ राजू मेवाती कई दिनों से पीछा करते हुए धमकियां दे रहा था। युवक धमकी देता था कि अगर तुमने इस्लाम धर्म नहीं अपनाया तो जान से खत्म कर दुंगा। कई बार राजा ने महिला के घर के सामने बैठकर दरवाजा भी खटखटाया। इसके साथ ही पत्थरबाजी भी की। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि दो-तीन दिन पहले जब वह मंदिर जा रही थी उस समय भी राजा ने उसका पीछा किया और परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

## पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विदाई समारोह हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

विद्यालय जीवन में फेयरवेल पार्टी का विशेष महत्व होता है। यह वह अवसर होता है जब जूनियर छात्र अपने सीनियर्स को सम्मान, स्नेह और शुभकामनाओं के साथ विदा करते हैं। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर में कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य हितेश सोनी ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने कक्षा 12 के छात्रों के साथ बिताए गए सुनहरे पलों को याद किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गीत, प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। फेयरवेल पार्टी के दौरान सीनियर्स के लिए मनोरंजक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य हितेश सोनी व समस्त शिक्षकों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला अंत में, भावुक विदाई के साथ कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। यह फेयरवेल पार्टी सभी के लिए यादगार बनी है। इस अवसर पर रूप चतुर्वेदी निर्मला मालवी माया यादव सुनील चौहान गोवर्धन यादव राजेश जोशी विकास नागर दीपक गोयल समस्त विद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### भाजपा के जिला सम्मेलन में बोले पार्टी पदाधिकारी

# पारदर्शिता बढ़ाने मनरेगा में हुए हैं कुछ बदलाव : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

केंद्र सरकार की महती विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण), (वीबी जी रामजी) योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने वृहद स्तर पर रूपरेखा तैयार की है। इस संबंध में आयोजनों की तैयारी के संबंध में पचोर स्थित रामपुरिया बालाजी परिसर में पार्टी का जिला सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर ने कहा कि मनरेगा योजना में पारदर्शिता बढ़ाने और जवाबदेही तय करने के उद्धेश्य से सरकार ने उसमें महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं लेकिन विपक्षी पार्टियां राजनैतिक रोटी सेंकने लिए जनता के सामने अलग रूप में प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस ग्रामीण मजदूर हितैषी योजना का दुष्प्रचार कर विपक्षी दल भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। इस योजना से मजदूरों को कैसे पहले से अधिक लाभ मिलेगा, इसकी जानकारी सम्मेलन, चैपाल के माध्यम से प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर के वक्ता ग्रामीण मजदूरों तक पहुंचाएंगे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जिला संयोजक, सह संयोजक की नियुक्तियां की गई हैं।



### *आगामी दिनों में चलेगा व्यापक अभियान*

*पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि मजदूर हितेषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने आगामी दिनों में जिला, मंडल स्तरीय सम्मेलन एवं चैपालें आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पंडित हरिचरण तिवारी, प्रताप मंडलोई, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मोना सुस्तानी सहित पार्टी के जिला प्रभारी उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया ने किया एवं आभार जिला महामंत्री ममता इंदौरिया ने माना।*

## अग्रवाल जिला महासभा अध्यक्ष बने राजेंद्र बंसल, समाजजनों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

गत दिनों जिले के पचोर नगर में जिला अग्रवाल महासभा के निर्वाचन अध्यक्ष पद लिए तीन इच्छुक उम्मीदवार थे जिसका निर्वाचन आपसी सहमति से पर्ची द्वारा किया गया।

जिसमें राजेंद्र बंसल जीरापुर महासभा अध्यक्ष निर्वाचित हुए। माचलपुर नगर समाजजनों ने उनके नगर आगमन पर अग्रवाल धर्मशाला में उनका स्वागत साफा पहनाकर कर पुष्पमाला से किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर माचलपुर अग्रवाल समाज संरक्षक मनोहरलाल माधावत समाज अध्यक्ष शरद माधावत, सत्यनारायण गोयल, रमेशचंद बंसल, राधेश्याम बंसल, सतीश गोयल, उमेश बंसल, पवन अग्रवाल, अरुण गोयल,पंकज माधावत, भरत गर्ग, मुकेश माधावत, संदीप लोहिया, आयुष माधावत, सुनील बंसल, प्रमोद गोयल सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजन उपस्थित रहे।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 : जूडो प्रतियोगिता में गुना जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 अंतर्गत जूडो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 31 जनवरी 26 तक सागर संभाग में किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 40 जिलों की जूडो टीमों ने सहभागिता की। जिला जूडो संघ, गुना के सचिव सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गुना जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए कुल 6 पदक अर्जित किए। गुना जिले को स्वर्ण पदक भारत रजक (50 किग्रा) एवं जमुना केवट (57 किग्रा), रजत पदक निशा अहिरवार (+70 किग्रा) तथा कांस्य पदक प्रतिज्ञा मीणा (40 किग्रा), अंजलि चौधरी (44 किग्रा) एवं मोहम्मद साद (+90 किग्रा) ने दिलाए। शर्मा ने बताया कि यह उपलब्धि खिलाड़र्यों के निरंतर अभ्यास, अनुशासन और तकनीकी प्रशिक्षण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी जिला जूडो संघ एवं नोडल खेल केंद्र के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं तथा जूडो कोच गौरव प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में किए गए प्रशिक्षण के फलस्वरूप यह सफलता हासिल हुई है।

# बोर्ड परीक्षाओं की गोपनीयता में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

परीक्षा और चुनाव दोनों ही अत्यंत गोपनीय प्रक्रियाएं होती हैं, इनमें अनुशासन और ईमानदारी सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे में आगामी बोर्ड परीक्षाओं में किसी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिस अधिकारी, कर्मचारी को जो दायित्व सौंपे गए हैं वे पूरी गंभीरता के सर्वोच्य प्राथमिकता के साथ उनका पालन करे। उक्त निर्देश आगामी बोर्ड परीक्षाओं के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के संबंध में जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने प्रदान किए। बैठक में केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष बोर्ड द्वारा जारी समस्त नियमों एवं दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने नलल रोकने बनाए गए समस्त उड़नदस्तों को सतत एवं प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश दिए ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



## पुष्पद समाज की बैठक में राजगढ़ नगर कार्यकारिणी गठित

**राजगढ़।** फूलमाली पुष्पद समाज राजगढ़ नगर ईकाई की बैठक शनिवार को स्थानीय पुष्पद समाज धर्मशाला परिसर में आयोजित की गई। बैठक में समाज के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में महेश पुष्पद किशनगढ़ को अध्यक्ष, राजेंद्र पुष्पद पुरा को उपाध्यक्ष, दिलीप पुष्पद एलआईसी कोषाध्यक्ष, रितुराज पुष्पद को सचिव नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राम-जानकी मंदिर समिति का अध्यक्ष चतरलाल पुष्पद एवं धर्मशाला व्यवस्था कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी महेश पुष्पद को सौंपी गई। इस अवसर पर श्यामसुंदर पुष्पद, घनश्याम पुष्पद, लक्ष्मीनारायण पुष्पद, गोपाल पुष्पद, अजय पुष्पद, राहुल पुष्पद, भंवरलाल पुष्पद, सूरज पुष्पद, महेंद्र पुष्पद सहित अन्य उपस्थित थे।

# ऑटो पार्ट्स दुकान में हुई चोरी का 24 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिला पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने बड़ी तत्परता दिखाते हुए ऑटो पार्ट्स की दुकान में हुई चोरी का मात्र 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से नकदी बरामद की है।टीन शेड हटाकर गल्ले से की थी चोरीघटनाक्रम के अनुसार, भार्गव कॉलोनी निवासी राहुल जैन ने 30 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जयस्तंभ चौराहे स्थित उनकी राहुल ऑटो पार्ट्स की दुकान में 28-29 जनवरी की दरम्यानी रात चोरी हुई है। अज्ञात चोर ने छत का टीन शेड हटाकर भीतर प्रवेश किया और गल्ले से नकदी पार कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ क्चहह्र की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।सीसीटीवी और मुखबिर की मदद से पकड़ा गया चोरइंचार्ज थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कुशल पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी संसाधनों और सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने सोनू (23) पुत्र दौलत आदिवासी, निवासी ग्राम सिंगवासा को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से शेष बची नकदी 3379 रुपये बरामद कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में इंचार्ज थाना प्रभारी कुशल पाल, प्रधान आरक्षक अशोक सरोज की भूमिका रही।



### श्रृष्टि के शिल्पकार के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

# विश्वकर्मा समाज ने आराध्य देव की जयंती पर किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इस समूची श्रृष्टि के शिल्पकार कहे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव समाजजनों द्वारा धूमधाम और विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा के मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। गाजे-बाजे और ढोल-ढमाकों के साथ आरंभ हुई शोभायात्रा नाका नंबर-3, कन्या शाला, रानी लक्ष्मी चौक होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, प्रतिष्ठान संचालकों सहित अन्य समितियों द्वारा पुष्पवर्षा इत्यादि के साथ समाजजनों का स्वागत, अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में समाज के पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन, बच्चे सहित सभी आयुवर्ग के लोग सम्मिलित हुए।



### आगामी कार्यक्रम के लिए तैयार की रूपरेखा

यात्रा के समापन उपरान्त मंदिर परिसर में पूजा-आरती एवं प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए समाज की उन्नति के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा पर विशेष फोकस करने एवं समाज में कहीं-कहीं व्याप्त कुछ कुरीतियों के उन्मूलन के संबंध में भी वरिष्ठजनों ने अपनी बात रखी।

### भगवान विश्वकर्मा जयंती के आयोजन में प्रेस क्लब अध्यक्ष हुए शामिल

# ओझा समाज को 10 लाख 51000 देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

मैं आप सभी साथियों से एक अनुरोध करूंगा जो आप समाज जन के द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के मंदिर की मांग उठाई जा रही है ,मित्र मंडल के पास जमीन उपलब्ध है मैं अपने परिवार की तरफ से 5 लाख 510000 की घोषणा करता हूं और सिर्फ मंदिर नहीं बनाना है उसके लिए मैं चाहता हूं जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी प्रधानमंत्री कौशल केंद्र चला रहे हैं इस तरह आप भी कौशल केंद्र चलना है जिससे आपके यहां से बढ़ रही बेरोजगारी कम होगी।

नौकरियां मिल नहीं रही है तो हमें भी चीन बनना चाहिए । इसलिए 5 लाख रुपए कौशल केंद्र के लिए देने की घोषणा करता हूं। आप लोग यहां मणिधारी गार्डन में समाज की गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह है आयोजित करें यह सुविधा आपके लिए पूरी तरह निशुल्क रहेगी। मैं आप सबके साथ कदम से कदम मिलकर चलूंगा। उक्त उद्गार ओझा समाज मित्र मंडल सेवा समिति, भगवान विश्वकर्मा प्रकट दिवस एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद मुख्य अतिथि प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा ने व्यक्त किए। विशेष अतिथि लक्ष्मीनारायण ओझा (प्रदेश अध्यक्ष, ओझा समाज मित्रमण्डल सेवा समिति ) रहे। वहीं कुशवाहा समाज श्री राम जानकी धर्मशाला पाठशाला व मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत कुशवाह विशेष रूप से शामिल रहे।कार्यक्रम शनिवार सुबह 10 बजे से मणिधारी गार्डन में आरंभ हुआ जहां भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना हवन आदि अनुष्ठान हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये।

अंत में सह भोज पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन में विजय ओझा पत्रकार, विनोद कुमार ओझा मुंदोल, विजय कुमार ओझा बमोरी बुजुर्ग, रामनारायण ओझा,चंद्र मोहन ओझा, राजू ओझा पार्षद, बनवारी लाल ओझा, भानु प्रताप ओझा, पिस्ता ओझा, लक्ष्मी ओझा, गोमती ओझा, पूजा ओझा, कांति झा, संगीता आर्य, सोनू ओझा, विष्णु झा एडवोकेट, प्रेम नारायण ओझा, घनश्याम ओझा, दीपक गॉड पत्रकार, अनूप सोढ़ी, गुलाब राज, पंकज शर्मा, बनवारी लाल ओझा सहित सैकड़ों समाजबंधु शामिल हुए।



